महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), पटना

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक ए/626, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-800023

(वेबसाइट-www.csbc.bih.nic.in)

विज्ञापन संख्या 03/2019 के अंतर्गत बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में सिपाही चालक के पद पर चयन हेतु "वाहन चालन दक्षता परीक्षा" संबंधी सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 03/2019 के आलोक में लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की वाहन चालन दक्षता परीक्षा (DET) दिनांक 08.12.2021 से शहीद राजेन्द्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च विद्यालय (पटना हाई स्कूल), गर्दनीबाग, पटना-800002 में आयोजित की जायेगी ।

2. वाहन चालन दक्षता परीक्षा (DET) हेतु प्रवेश-पत्र दिनांक 30.11.2021 से पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर "Bihar Home Guards" टैब के अंतर्गत उपलब्ध रहेगा।

3. जो अभ्यर्थी किसी कारणवश अपना ई-प्रवेश-पत्र Download नहीं कर सकें वे दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 एवं 04 दिसम्बर, 2021 को केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हाल्ट के निकट), पटना-800001 स्थित कार्यालय से पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक अपना डुप्लिकेट प्रवेश-पत्र अपने खर्च पर प्राप्त कर सकते हैं। स्पष्ट किया जाता है कि कोई भी प्रवेश-पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किया जायेगा।

4. चयनित अभ्यर्थियों की वाहन चालन दक्षता परीक्षा (DET) हेतु तिथि, समय एवं स्थान की सूचना प्रवेश-पत्र पर दर्ज होगी ।

5. वाहन चालन दक्षता परीक्षा की निर्धारित तिथि/समय में परिवर्तन का अनुरोध किसी भी स्थिति में स्वीकार नही किया जायेगा ।

6. वाहन चालन दक्षता परीक्षा (DET) में निर्धारित तिथि को प्रत्येक अभ्यर्थी का सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा वे अयोग्य माने जायेंगे और उन्हें दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा ।

7. वाहन चालन दक्षता परीक्षा (DET) के अवसर पर चयनित अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र पर अंकित स्थान/तिथि/समय पर, प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त निम्नांकित मूल प्रमाण-पत्रों / अनुज्ञप्ति के साथ उपस्थित होंगे :

   i. वैध फोटोयुक्त पहचान-पत्र (जैसे- आधार कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस आदि) (मूल में)।

   ii. विज्ञापन की तिथि 20.10.2019 से कम से कम एक (01) वर्ष पूर्व अर्थात (20.10.2018 तक निर्गत हल्का मोटर वाहन (LMV)/ भारी मोटर वाहन (HMV) की चालन अनुज्ञप्ति (मूल में)।

   iii. कोविड- 19 वेक्सीनेशन प्रमाण-पत्र।

8. सभी उम्मीदवारों को विज्ञापन संख्या-03/2019 में वर्णित सभी शर्तो / प्रावधानों को संपुष्ट करना अनिवार्य होगा । वाहन चालन दक्षता परीक्षा में भाग लेना औपबंधिक है, अर्हता या अन्य किसी आधार पर किसी भी चरण में अपात्र पाए जाने पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा ।

9. किसी भी विवाद में अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

10. प्रेस में मुद्रण अथवा टाईपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा ।

11. दलालों से सावधान रहें और ऐसे संदिग्धों के संबंध में पुलिस को सूचित करें ।

ह0/-

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

ज्ञापांक 48 /के0च0प0(सू0)

दिनांक 15/11/2021

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक ए/626,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-800023